नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 273/2021
Dt-5-8-2021

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड—झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर के महादलित टोलों में नये सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड का निर्माण कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड के महादलित टोलों में बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत पूर्व में सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड का निर्माण कराया गया था।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया कि महादलित टोलों पर सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड जर्जर अवस्था में है एवं बैठने के लायक भी नहीं है। कहीं—कहीं भवन क्षतिग्रस्त है तो कहीं पर पता नहीं छत कब गिर जाय। किसी हादसे के भय से इन टोलों के निवासी इसका उपयोग करना बंद कर दिये हैं। इन टोलों पर भूमि उपलब्ध है, जहां नया सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड का निर्माण कराया जा सकता है।

उपर्युक्त तीनों प्रखंड के अंतर्गत पूर्व में जिन महादलित टोलों में सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड का निर्माण कराया गया था, उनकी सूची संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न सूची के आलोक में उक्त महादलित टोलों में नये सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड का निर्माण कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 5.8.21

संलग्न—झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंडों के महादलित टोलों में पूर्व से निर्मित सामुदायिक भवन—सह—वर्कशेड की सूची।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in